संख्या–cm-341
28/09/2019

राज्य में भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों के जिलाधिकारियों से जानकारी ली

पटना, 28 सितम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज नेहरु पथ स्थित सरदार पटेल भवन में आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के जिलाधिकारियों से राज्य में भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति की जानकारी ली।

भारतीय मौसम विज्ञान के प्रतिनिधि ने बताया कि राज्य में पिछले 24 घंटे में 52 मिलीमीटर वर्षा हुई है। वैशाली जिले के जन्दाहा और नवादा जिले के रजौली में 200 मिलीमीटर से ऊपर वर्षा हुई है। अगले 48 घंटे के पूर्वानुमान में उन्होंने बताया कि मध्य बिहार, पूर्वी बिहार, उत्तर पूर्वी बिहार एवं दक्षिण पूर्वी बिहार में वर्षापात की स्थिति बनी रहेगी। उसके बाद स्थिति में सुधार होगा और 3 अक्टूबर तक स्थिति सामान्य हो जायेगी।

मुख्यमंत्री को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शिवहर, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, भागलपुर, कटिहार, पूर्णिया, अररिया, किशनगंज, सुपौल, मधेपुरा, वैशाली, सारण, सीवान एवं गोपालगंज जिले के जिलाधिकारियों ने अपने–अपने जिलों से संबद्ध नदियों के जलस्तर की स्थिति एवं वर्षापात की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। जिलाधिकारियों ने तटबंधों की निगरानी कार्य, नावों की उपलब्धता, रिलीफ कैंप, कम्युनिटी किचेन के लिए जगहों का आइडेंटिफिकेशन, एन0डी0आर0एफ0 एवं एस0डी0आर0एफ0 की टीम की तैनाती सहित आपदा से निपटने की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने भी मुख्यमंत्री को पूरी स्थिति से अवगत कराया और आपदा प्रबंधन की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेसिंग के दौरान कहा कि नदियों के जलस्तर में वृद्धि की स्थिति को देखते हुए बाढ़ की संभावना के लिए सभी जिलाधिकारी रिलीफ कैम्प हेतु जगहों का चयन कर लें और स्थिति से निपटने की पूरी तैयारी रखें। कम्युनिटी किचेन की व्यवस्था सुनिश्चित रखें। सभी जिलाधिकारियों को 15 अक्टूबर तक विशेष सतर्कता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।

विडियो कांफ्रेंसिंग के पूर्व मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल भवन में स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर का भी मुआयना किया।

विडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान आपदा प्रबंधन मंत्री श्री लक्ष्मेश्वर राय, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, अपर मुख्य सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी, आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत, जल संसाधन विभाग के सचिव श्री संजीव कुमार हंस, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी सह परिवहन विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, समादेष्टा एन0डी0आर0एफ0 श्री विजय सिन्हा, समादेष्टा एस0डी0आर0एफ0 मो0 फर्गुद्दीन, आई0एम0डी0 के प्रतिनिधि सहित आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

******